लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 08 November 2022

## HINDUSTAN PAGE 6

### एमबीए का सत्यापन आज और कल भी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी अभिलेख सत्यापन सात नवम्बर को था। तीसरी मेरिट सूची से चयनित अधिकांश अभ्यर्थियों ने फिजिकल वेरिफिकेशन पूरा करा लिया था लेकिन एमबीए की पहली मेरिट के अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन होना था। जिसमें कई अभ्यर्थी ऐसे थे जिनके अभिलेख पूरे नहीं थे और कई छात्र सात नवम्बर को पंहुच नहीं पाए थे।

जिसके बाद एमबीए की पहली मेरिट से चयनित अभ्यर्थियों को नौ और दस नवम्बर को वेरिफिकेशन का मौका दिया है। वहीं पीजी प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रम के नव प्रवेशी छात्रों को अभिलेख सत्यापन नौ को होगा।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : बीए सेकेंड सेमेस्टर का परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने बीए सेकेंड सेमेस्टर का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया। हालांकि, इस परिणाम में भी काफी विद्यार्थी इंटरनल में अनुपस्थित दिखाए गए हैं। विवि प्रशासन का कहना है कि कई कॉलेजों व विभागों से इंटरनल के अंक नहीं आए थे। इन्हीं के विद्यार्थी अनुपस्थित होंगे। परिणाम के अनुसार सेकेंड सेमेस्टर में 75,115 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसमें से 97.32 फीसदी पास होकर थर्ड सेमेस्टर में गए, जबकि 2.68 फीसदी फेल हुए हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## i-NEXT PAGE 4

### बीए सेकेंड सेमेस्टर के परिणाम हुए जारी

**लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए सेकेंड सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए**

**LUCKNOW (8 Nov) :** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पढ़ने वाले बीए सेकेंड सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का इंतजार खत्म हो गया. विश्वविद्यालय ने बीए सेकेंड सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए. विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं. दैनिक जागरण ने परिणाम जारी न होने से खबर सात नवंबर के अंक में प्रकाशित की थी.विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीए सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा में 75,115 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे. इनमें करीब 73,000 (97.32 फीसद) तीसरे सेमेस्टर में प्रमोट हो गए हैं. सिर्फ 2.68 फीसद छात्र-छात्राएं ही फेल हैं. परिणाम को काफी जांच पड़ताल के बाद जारी किया गया है. गौरतलब है कि बीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 सितंबर को समाप्त हो गई थीं. इसके बाद इनकी कापियों का मूल्यांकन कार्य शुरू कराया गया था. एलयू ने बीए द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए. अब परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर और चौथे सेमेस्टर के कुछ विषयों के परिणाम आने बाकी हैं. इनकी परीक्षाएं भी सितंबर में हो चुकी थीं. छात्रों ने जल्द परिणाम की मांग की है. इसमें एलयू एवं कालेजों को मिलाकर करीब सात हजार छात्र-छात्राओं ने पीजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दी थी.

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : बीए दूसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी, 73 हजार पास



**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पढ़ने वाले बीए सेकेंड सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का इंतजार खत्म हो गया। विश्वविद्यालय ने बीए सेकेंड सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं। दैनिक जागरण ने परिणाम जारी न होने से खबर सात नवंबर के अंक में प्रकाशित की थी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीए सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा में 75,115 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इनमें करीब 73,000 (97.32 फीसद) तीसरे सेमेस्टर में प्रमोट हो गए हैं। सिर्फ 2.68 फीसद छात्र-छात्राएं ही फेल हैं। परिणाम को काफी जांच पड़ताल के बाद जारी किया गया है। गौरतलब है कि बीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 सितंबर को समाप्त हो गई थीं। इसके बाद इनकी कापियों का मूल्यांकन कार्य शुरू कराया गया था।

**अब पीजी द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम का है इंतजार :** लवि ने बीए द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए। अब परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर और चौथे सेमेस्टर के कुछ विषयों के परिणाम आने बाकी हैं। इनकी परीक्षाएं भी सितंबर में हो चुकी थीं। छात्रों ने जल्द परिणाम की मांग की है। इसमें लवि एवं कालेजों को मिलाकर करीब सात हजार छात्र-छात्राओं ने पीजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दी थी।

बीए द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम आने के बाद कई छात्रों की मार्कशीट में इंटरनल के अंक नहीं चढ़े हैं। उन्होंने इसकी शिकायत लवि से की है। वहीं, कई छात्रों ने कम अंक देने का भी आरोप लगाया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि कालेजों को इंटरनल अंक भेजने के तीन बार मौके दिए गए थे। जिन्होंने नहीं भेजा, यह उनकी जिम्मेदारी है। जिन विद्यार्थियों के इंटरनल के अंक नहीं चढ़े हैं, वह प्रार्थना पत्र दें। कालेज से अंक आते ही अपडेट किया जाएगा।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लविवि में एडमिशन प्रक्रिया आज करें पूरी

लखनऊ। लखनऊ विवि में प्रवेश 2022-23 के तहत एडमिशन प्रक्रिया जारी है। बुधवार को भी बड़ी संख्या में छात्रों द्वारा सत्यापन व फीस जमा करने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। इसमें पीएचडी के साथ अब डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा के चयनित आवेदक अपनी प्रक्रिया को लेकर बुधवार को लविवि के कैंपस में जमा होंगे। लविवि ने छात्रों से अपनी एडमिशन प्रक्रिया बुधवार को पूरी करने के निर्देश दिए हैं। लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज पाठक ने बताया कि लविवि के एडमिशन प्रक्रिया में बुधवार को पीएचडी के अलावा पीजी के कुछ कोर्स के साथ भाषा विभाग के डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा के विषय के चयनित छात्र व छात्राओं को निम्नानुसार अपने मूल अभिलेखों व प्रमाण पत्रों की जांच के लिये बुलाया गया है। सभी मूल प्रमाण पत्रों अभिलेखों व पत्र स्वप्रमाणित कर लाएं। और जिनकी फीस न जमा हुई हो वे अपनी फीस जमा करें।